सं. 342-16/7/2022-एचआरडी

भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
(मानव संसाधन विकास प्रभाग)

*****

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), मंत्रालय की मानव संसाधन विकास योजना के 'राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप कार्यक्रम' घटक के अंतर्गत केन्द्रीय वित्तीय सहायता के इच्छुक ऐसे छात्रों से आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जो भारत में अथवा भारत से बाहर के मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों में अंडर-ग्रेजुएट/ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री के लिए अध्ययनरत हैं अथवा पंजीकृत रिसर्च स्कॉलर हैं।

2. उपर्युक्त घटक के संबंध में पात्रता मानदंड सहित विस्तृत जानकारी, दिशानिर्देश एवं आवेदन का फार्मेट https://mnre.gov.in/img/documents/uploads/file_f-1639050739540.pdf लिंक पर उपलब्ध, 'वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम को जारी रखने के लिए प्रशासनिक अनुमोदन' (उक्त प्रशासनिक अनुमोदन के पृष्ठ सं. 40-42) से प्राप्त किए जा सकते हैं।

3. उपर्युक्त घटक के लिए, इच्छुक अभ्यर्थी/छात्र https://hrd.mnre.gov.in पर ऑनलाइन मोड में 20 दिसम्बर, 2022 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।